# कैचमेंट से हटाईं 15 दूध डेयरी

## सिंहपुर गांव में कलियासोत किनारे चला बुलडोजर



**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 8 जून. टीटी नगर नजूल वृत्त के अंतर्गत कैचमेंट एरिया में 15 दूध डेयरियों को हटा दिया. अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सोमवार को की गई.**

टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा के निर्देश पर तहसीलदार कुणाल राऊत सहित आरआई, पटवारी की मौजूदगी में यह कार्रवाई हुई. अतिक्रमण हटाने के लिए पूर्व में हाईकोर्ट और एनजीटी के आदेश के भी किए जा चुके हैं. शहर के कलियासोत डेम के किनारे सिंहपुर गांव जो कि खुशीलाल अस्पताल के पीछे है. वहां पर काफी समय से डेयरी का संचालन किया जा रहा था. जिसमें भैंसों के तबेले शासकीय भूमि पर बने थे. ऐसे सभी 15 तबेलों और भूसा रखने के शेडों को जेसीबी से हटाया गया. अप्रैल में सभी कैचमेंट के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई थी, जिसमें शासकीय और निजी भूमि पर बने सभी तरह के निर्माणों को हटाया जाना था. अप्रैल में इनपर कार्रवाई करने प्रशासन पहुंचा था, उस समय सभी डेयरी वालों ने कुछ दिन की मोहलत मांगी थी और स्वयं हटाने का आश्वासन दिया था.

**इनका कहना है .**

बारिश में किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो,इसलिए अतिक्रमण हटाने की नियमानुसार कार्रवाई की गई है.

**कुनाल राउत,** तहसीलदार टीटी नगर नजूल वृत्त

## बदमाशों ने कार का कांच तोड़कर की चोरी

**भोपाल.** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक कार का कांच तोड़कर पर्स चोरी कर लिया. पर्स में 50 हजार रुपये नकद सहित कीमती दस्तावेज रखा था. फरियादी दिनेश पस्तारिया ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है. फरियादी ने बताया कि वह पिपरिया जिला नर्मदापुरम निवासी हैं और दिन पहले वह अपने परिवार के साथ अशोका गार्डन में अपने बहनोई के घर आए थे. रविवार को देर रात को वह अपने और बहनोई के परिवार के साथ खाना खाने के लिए एक रेस्टारेंट पहुंचे थे. उन्होंने अपनी कार एक डेयरी के सामने खड़ी की थी और होटल के अंदर चले गए थे.

# विपक्ष घेरेगा पानी और नाले के मुद्दों पर

**▸ नगर निगम परिषद की बैठक आज होगी**

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 8 जून. नगर निगम परिषद की बैठक मंगलवार को बुलाई गई है. जिसमें अपशिष्ट प्रबंधन का एजेंडा प्रमुख रहेगा. जिसमें जनता को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने पर चर्चा की जाएगी. इस बैठक में विपक्ष ने भी परिषद को घेरने की तैयारी कर ली है.**

विपक्ष सड़क पानी और नाले की सफाई का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाएगा. तीन दिन पहले हुई आंधी बारिश से शहर में जलभराव की स्थिति बन गई थी, यह सब नालों की वर्षा पूर्व होने वाली सफाई नहीं होने के कारण हुआ था. वहीं शहर में सड़कें उखड़ी हुई हैं. जिससे दुर्घटनाओं को अंदेशा बना रहता है.

**एजेंडे में जनता के मुद्दे शामिल नहीं**

निगम परिषद की नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि पिछली दो बैठकें परिषद की हो चुकी हैं, जिनमें जनता के मुद्दों पर चर्चा नहीं की गई. यह जनता के मुद्दों से बच रहे हैं. जनता अपनी समस्या को पार्षद से ही कहती है और पार्षद ही इन समस्याओं में परिषद में उठाते हैं. बारिश शुरू होने वाली है नालों की सफाई नहीं हुई है.

वहीं शहर की सड़कें भी उखड़ चुकी हैं. अब बारिश में यह कार्य होगा नहीं जनता परेशान होगी.

**जोन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार निगम के सभी जोन अधिकारियों को निगमायुक्त ने कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं. बताया जाता है कि जनसंपर्क कार्यालय से जोन अधिकारियों को परिषद की बैठक के एजेंडे को ले जाने के निर्देश मिले थे जो पार्षदों को वितरण करना था. लेकिन कोई भी जोनल अधिकारी एजेंडे को लेने नहीं आया. जिससे नाराज होकर नाटिस दिए.

# पीएम राहत योजना में नहीं मिला लाभ

**▸ दुर्घटना में घायल के उपचार के लिए डेढ़ लाख की राशि**

**30 प्रकरण आए, नहीं दिलवा सके उपचार**

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 8 जून, राजधानी में सरकार की योजनाओं को लाभ अधिकारी जनता को उपलब्ध नहीं करवा पा रहे है. जिनमें से सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री राहत योजना के मामले सामने आए हैं.**

सोमवार को कलेक्टर ने प्रति सप्ताह होने वाली बैठक की थी, जिसमें इस मुद्दे को लेकर खासी सीएमएचओ पर नाराजगी जताई थी. शहर में अभी तक ऐसे 30 प्रकरण कलेक्टर के सामने आए जिनमें दुर्घटना के बाद मरीजों के उपचार के दौरान इस योजना का लाभ नहीं दिया गया है. इस योजना को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायतें आई थी लेकिन उसके बाद भी अनदेखा किया गया.

**इसलिए शुरू की गई योजना**

जब भी दुर्घटना होती है तो जरूरी नहीं है कि घायल व्यक्ति के साथ परिजन हों या उसका कोई परिचित हो. ऐसी परिस्थिति में जांच या अन्य खर्चे कौन दे सकता है साथ ही कई बार कुछ गरीब भी होते हैं जो इमरजेंसी पैसों की व्यवस्था नहीं कर सकते. तो ऐसे सभी लोगों के लिए यह योजना शुरू की गई.

**क्या है प्रधानमंत्री राहत योजना**

योजना दुर्घटना में हुए घायलों के उपचार के लिए लागू की गई. अधिकतर दुर्घटना घायल व्यक्ति के मामलों में पैसे ना होने की अवस्था में जांच या उपचार नहीं हो पाता था. जिससे कई बार गंभीर व्यक्ति की मौत हो जाती थी. इस तरह के मामलों में तुरंत उपचार शुरू हो सके इसके लिए प्रधानमंत्री राहत योजना फरवरी माह से शुरू की गई.

## बाइक सवार बदमाशों ने छीना आईफोन

**भोपाल.** पिपलानी इलाके में एक युवती के हाथ से बाइक सवार अज्ञात बदमाशों आईफोन छीनकर फरार हो गए. युवती के साथ वारदात तब हुई जब वह सड़क पर पैदल जा रही थी. युवती ने आईफोन की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये पुलिस को बताया है. केस दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है. फरियादी कृतिका वाणी निवासी अयोध्या नगर ने शिकायत दर्ज कराई है. कृतिका ने पुलिस को बताया कि वह इंद्रपुरी इलाके में कोचिंग सेंटर चलाती हैं. रात करीब पौने नौ बजे, जब वह कल्पना नगर पिपलानी के पास पैदल जा रही थी. इस दौरान बाइक से आए दो बदमाशों ने हाथ से आईफोन छीन कर भाग निकले.


# किचन में कॉकरोच, चूहे मिले, फूड लायसेंस निरस्त

## कोटयार्ड मेरिएट में केंद्रीय खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी, होटल में मिली गंदगी

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 8 जून. राजधानी में उस समय होटल संचालकों में हड़कंप मच गया जब सबसे प्रसिद्ध होटल में सोमवार को फूड विभाग की कार्रवाई की जानकारी मिली. यह होटल डीबी मॉल के पीछे हिस्से में संचालित कोटयार्ड मेरियट है.**

इस होटल में केंद्रीय खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने छापेमारी की. इस कार्रवाई में राज्य की जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे. यह होटल डीलीजेंट होटल कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित किया जा रहा है. विभाग को होटल में कॉकरोच और चूहे





शिकायत मिली थी. इस आधर पर केंद्रीय और राज्य की जिला फूड अधिकारियों की टीम होटल पहुंची. इस दौरान होटल के संचालन में भारी अनियमितताएं मिली. केंद्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसर होटल परिसर में निरीक्षण के दौरान होटल प्रबंधन खाद्य सुरक्षा मानकों की दिखाई दी. साथ ही किचिन और सब्जी में उपयोग होने वाले मसालों में कमी पाई गई. इन कमियों को देखते हुए फूड लाइसेंस और सेंट्रल लाइसेंस संख्या 11421999000174 को तत्काल प्रभाव से संस्पेंड कर दिया.

**▸ मांसाहारी-शाकाहारी बनाने का सामान एक ही स्थान पर**

केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दलों ने छापेमारी में भोजन की सामग्री साथ गोदाम का भी का निरीक्षण किया. उन्होंने शाकाहारी व मांसाहारी खाद्य उत्पादों को बिना अलग किए एक साथ ही रखा गया था. इससे शाकाहारी ग्राहकों के भोजन में नॉन वेज मिलने की संभावना है. उसके बाद जांच दल किचिन में पहुंचा जहां पर होटल के स्टोर और किचन में अधिकारियों को चूहे मिले. साथ ही जब अमले ने पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड की जांच की तो होटल परिसर चूहों की मौजूदगी की पुष्टि हो गई. किचिन सफाई का अभाव पाया गया. यहां पर चीनी के पाउच और मशोल की सामग्री पाई गई जो घटिया कंपनी की या लोकल से खरीद कर उपयोग किया जाना पाया गया. इसी तरह से भारी अनियमितताएं पाई गई.





# अनुकंपा कर्मचारियों को सेवा से न हटाने की मांग

**निज संवादाता**

**भोपाल, 8 जून.मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने अनुकंपा नियुक्त सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को नौकरी से नहीं हटाने की मांग की है. संघ का कहना है कि शासकीय सेवक की सेवाकाल में मृत्यु के बाद आश्रित परिवार को आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है, लेकिन सीपीसीटी परीक्षा के कारण कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त होने से परिवार संकट में आ रहे हैं.**

संघ के अनुसार कई अनुकंपा नियुक्त कर्मचारी 12वीं या बीए योग्यता वाले हैं, जिनके लिए सीपीसीटी परीक्षा कठिन साबित हो रही है. इसके बावजूद वे विभागों में लेखा, भंडार, सीएम हेल्पलाइन, सूचना का अधिकार और अन्य कार्यालयीन कार्य कुशलता से कर रहे हैं. संघ ने मांग की है कि अनुकंपा नियुक्त सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को 3 माह का विशेष प्रशिक्षण देकर विभागीय परीक्षा कराई जाए. सीपीसीटी के आधार पर सेवा समाप्त करने का प्रावधान खत्म किया जाए और जिन कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त हुई हैं, उन्हें बहाल किया जाए. साथ ही 40 वर्ष या अधिक आयु के कर्मचारियों को टाइपिंग परीक्षा की तरह सीपीसीटी से भी छूट देने की मांग की गई है.

# ट्रेनिंग में जीआरपी जवान पढ़ेंगे गीता

**15 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन**

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 8 जून. शासकीय रेलवे पुलिस इकाई भोपाल की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से 15 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन सोमवार से किया गया.**

इस विशेष ट्रेनिंग में जीआरपी जवान गीता पढ़ेंगे, तनाव प्रबंधन भी सीखेंगे. प्रशिक्षण अवधि में विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष पुलिस महानिदेशक (अपराध अनुसंधान विभाग) पंकज कुमार श्रीवास्तव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेलवे राजा बाबू सिंह ने किया. उद्घाटन समारोह पुलिस प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (पीटीआरआई), जहांगीराबाद स्थित पुलिस मुख्यालय परिसर में आयोजित हुआ. प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेलवे पुलिस से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, यात्री सुरक्षा तथा आधुनिक पुलिस व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की जाएगी. रिफ्रेशर कोर्स का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों के ज्ञान एवं कार्यकुशलता का परिष्कार कर रेलवे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है, एंव लंबी इयूटी और मानसिक तनाव से निपटने के लिए इस प्रशिक्षण में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सत्रों को भी शामिल किया गया है.





**विशेष प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का शुभारंभ**

**भोपाल.** पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने सिंहस्थ 2028 के लिए सामुदायिक भवन पुलिस लाइन नेहरू नगर में संचालित विशेष प्रशिक्षण के द्वितीय बैच का शुभारंभ किया. इस मौके पर प्रशिक्षुओं को अच्छे मनोबल के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करने तथा जवाबदेही से कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए दिशा निर्देश और जरूरी जानकारी उन्होंने साझा की. पुलिस आयुक्त संजय कुमार और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला ने इस मौके पर पुलिस लाइन में पौधरोपण भी किया.

# हथियारों की फैक्ट्री मामले में गिरफ्तारी

## एक साल से फरार था आरोपी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 8 जून. क्राइम ब्रांच पुलिस ने ग्राम रामगढ़ जिला टीकमगढ़ में संचालित अवैध आर्म्स फैक्ट्री के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी गिरफ्तारी के डर से लगभग एक वर्ष से फरार चल रहा था.**

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5 हजार रुपए इनाम की घोषणा की गई थी. आरोपी पूर्व में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी सुरेन्द्र विश्वकर्मा के साथ संयुक्त रुप से संलिप्त था. पुलिस के मुताबिक 3 जून सूचना मिली कि आर्म्स एक्ट में काफी समय से फरार आरोपी 6 नंबर स्टाप से शिवाजी नगर तरफ पैदल जाते हुए देखा गया. पुलिस ने आरोपी को हनुमान मंदिर के पास पकड़ा. उसने अपना नाम नरेन्द्र सिंह परमार निवासी ग्राम रामगढ तहसील जतारा टीकमगढ़ बताया. उसने उसी प्रकरण में फरार होना भी पुलिस को बताया. आरोपी से प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी सुरेन्द्र विश्वकर्मा के साथ अवैध हथियार निर्माण की फैक्ट्री संचालित कर अवैध हथियार विक्रय करने के संबंध में पूछताछ की गई. उसने पूर्व में गिरफ्तार आरोपीगणों के साथ काम करने की बात स्वीकार की. आरोपी गिरफ्तारी के डर से घटना दिनांक से ही फरार था, जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था.



## अज्ञात बदमाशों ने बीयर की बोतल से किया हमला

**भोपाल.** हबीबगंज इलाके में एक युवक के सिर पर बीयर की बोतल से मारकर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया. हमले में घायल युवक को गंभीर चोट आई है. आरोप है कि घायल युवक को बचाने के लिए बीच में आए उसके एक दोस्त के साथ भी आरोपियों ने हाथापाई कर दी. मामले की शिकायत पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. बदमाशों की तलाश में पुलिस, सात नंबर स्टाप के पास स्थित एक होटल में खाना खाने के लिए पहुंचे युवक प्रमोद के साथ यह वारदात हुई. रविशंकर नगर निवासी अनूप सिंह कुशवाहा सिंह अपने दोस्त प्रमोद के साथ यहां शनिवार-रविवार की रात एक होटल में खाने के लिए गया था.





# मलेरिया जागरुकता रथ रवाना

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 8 जून. जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा सोमवार को मलेरिया जागरुकता रथ शुभारंभ किया गया. रथ को विधायक भगवान दास सबनानी ने हरी झंडी दिखाई.**

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा और जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव मौजूद रही. समारोह में विधायक ने जिले में मलेरिया प्रकरणों में आई कमी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की. जिला मलेरिया कार्यालय की लैब में एलेन मेडिकल कॉलेज, भोपाल के एमबीबीएस इंटर्नशिप के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई.


**अव्यवस्था** ▸ महिलाओं की सुरक्षा पर उठे सवाल

# करिश्मा पार्क रोड अंधेरे में डूबा, राहगीर नाराज

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 8 जून.मध्य विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 स्थित छोटे तालाब रोड पर बने करिश्मा पार्क के आसपास स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद रहने के कारण क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहता है. स्थानीय रहवासियों और राहगीरों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं.**

लोगों का कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर पार्क और सड़क किनारे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार खराब होता जा रहा है. राहगीरों के अनुसार रात के समय यह सड़क महिलाओं के लिए सुरक्षित महसूस नहीं होती. लोगों ने बताया कि देर शाम के बाद यहां संदिग्ध गतिविधियां बढ़ जाती हैं और कई बार असामाजिक तत्व बैठे दिखाई देते हैं. क्षेत्रवासियों का कहना है कि पुलिस गश्त भी रात के समय कम दिखाई देती है, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है. स्थानीय नागरिकों ने जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट सुधारने और पुलिस निगरानी बढ़ाने की मांग की है.



**जिम्मेदारी से बचते दिखे पार्षद**

मामले को लेकर वार्ड के मुखिया पार्षद पप्पू विलास से चर्चा की गई तो उन्होंने इसे अपना काम मानने से इनकार कर दिया.पार्षद ने कहा कि स्ट्रीट लाइट और इस प्रकार के कार्य नगर निगम के इंजीनियर के अधिकार क्षेत्र में आते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि करिश्मा पार्क रोड की ओर उनका जाना नहीं होता, हालांकि अधिकारियों को सूचना देने की बात कही.वहीं,बिजली कंपनी के इंजीनियर से संपर्क करने का प्रयास किया गया,लेकिन उनसे बातचीत नहीं हो सकी. क्षेत्रवासियों को अब संबंधित विभाग की कार्रवाई का इंतजार है.

# बंद खदानों के चारों ओर फेंसिंग करें

## कलेक्टर मिश्रा ने दिए बैठक में निर्देश

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 8 जून. कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को समय सीमा कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की गई. बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाह अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की.**

सबसे अधिक शिकायतों की सुनवाई में हूजूर तहसील के राजस्व के मामलों में सामने आई. कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को जल्द और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि जिले ऐसी सभी बंद खदानों चारों तरफ से फैंसिंग या अन्य उपाए करें जिससे बारिश के दौरान हादसों से बचा जा सके.उन्होंने कहा कि बारिश से इन बंद पड़ी खदानों पानी भर जाएगा. जिससे ग्रामीण क्षेत्र के पशुओं और बच्चों के डूबने की घटना होने की आशंका बनी रहेगी. कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखंडों एवं नगरीय निकायों में 12 से 18 जून तक विशेष कल्याणकारी शिविर आयोजित किए जाने के लिए निर्देश दिए. जिनमें आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी और अन्य योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत पंजीयन के लिए क्यूआर कोड का उपयोग सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा.

